# University in News on 15 January 2021

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लविवि : सेल्फ सेंटर पर होगी सेमेस्टर परीक्षा

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की यूजी-पीजी की सेमेस्टर परीक्षा इसी महीने के अंत में प्रस्तावित हैं। इस परीक्षा में भी पिछली परीक्षा की भांति विद्यार्थियों को सेल्फ सेंटर का लाभ मिलेगा, जिससे छात्रों व कॉलेज प्रशासन को ज्यादा परेशान नहीं होना पड़ेगा।



विश्वविद्यालय में शुक्रवार से बैक पेपर व इम्प्रूवमेंट की परीक्षा शुरू हो रही हैं। इस परीक्षा में सेल्फ सेंटर नहीं दिया गया है। साथ ही विश्विद्यालय प्रशासन सेमेस्टर परीक्षा की तैयारियों को भी अंतिम रूप देने में लगा हुआ है। सारी तैयारी समय से रही तो सेमेस्टर परीक्षा भी 28 जनवरी से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि यूजी में तीसरे व पांचवें और पीजी में तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा होगी, जिसमें सेल्फ सेंटर ही करने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा कार्यक्रम व केंद्र लगभग फाइनल हो गए हैं। एक-दो दिन में इसे भी जारी कर दिया जाएगा। विद्यार्थियों को तैयारी के लिए पूरा समय मिलेगा।

### बैक पेपर और इंप्रूवमेंट की परीक्षाएं आज से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की बैक पेपर और इंप्रूवमेंट की परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो रही हैं। परीक्षा सुबह 9 से 10 बजे तक और दोपहर 2 से 3 बजे तक होंगी। परीक्षा एक घंटा की होगी। मुख्य परीक्षा की तरह परीक्षा ओएमआर पर बहुविकल्पीय सवाल आधारित प्रणाली पर होगी। परीक्षा के लिए कालीचरण पीजी कॉलेज, जेएनपीजी व लविवि को सेंटर बनाया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि कोरोना संक्रमण की वजह से विश्वविद्यालय में सिर्फ अंतिम वर्ष की परीक्षाएं हुई थीं। बाकी विद्यार्थियों को पूर्व की परीक्षा के आधार पर प्रमोट कर दिया गया था। इसलिए बैक पेपर और इंप्रूवमेंट की परीक्षा भी सिर्फ अंतिम वर्ष के लिए ही हो रही हैं। उन्होंने बताया कि पहले दिन पहली पाली में बीए थर्ड ईयर के पेपर होंगे, जिसमें लविवि व कॉलेज में लगभग 1200 स्टूडेंट्स परीक्षा देंगे। लविवि में न्यू लॉ और आर्ट्स ब्लॉक में सेंटर बनाया गया है। दूसरी पाली में बीकॉम और बीएससी के पेपर होंगे, जिसमें लविवि व कॉलेज मिलाकर लगभग 1000 स्टूडेंट्स होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा में कोविड प्रोटोकॉल का पूरा पालन किया जाएगा। विद्यार्थियों को उचित गैप पर बैठाया जाएगा।

**HINDUSTAN PAGE 6**

## एलयू: स्नातक के दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा

**तैयारी**



**लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता**

शैक्षिक सत्र 2021-22 में लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा देनी होगी। परीक्षा के नतीजों के आधार पर मेरिट तैयार होगी। विश्वविद्यालय में आगामी शैक्षिक सत्र की शुरुआत 16 जुलाई से की जाएगी। ऐसे में प्रवेश की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि कोरोना संक्रमण के चलते पिछले वर्ष मेरिट के आधार पर दाखिले लिए गए थे। लेकिन इस बार प्रवेश परीक्षा से ही दाखिले होंगे। कुलपति ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन अप्रैल में किया जाएगा। उसके बाद स्नातक की प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत मार्च में स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। करीब एक महीने की आवेदन प्रक्रिया के बाद बोर्ड परीक्षा के बाद प्रवेश परीक्षा होगी।

जानकारी के अनुसार जैसे ही बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे आएंगे उसके बाद ही दाखिले के लिए काउंसलिंग शुरू कर दी जाएगी।

### बीएड की प्रवेश परीक्षा अप्रैल माह में

प्रदेश के बीएड कॉलेजों में नए सत्र के लिए प्रवेश परीक्षा अप्रैल माह में कराई जा सकती है। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत 15 अप्रैल तक बीएड प्रवेश परीक्षा आयोजित हो जाएगी। 10 से 15 मई के बीच परिणाम घोषित हो जाएंगे। जून के अंतिम सप्ताह तक काउंसलिंग हो जाएगी। 15 अथवा 16 जुलाई से बीएड का आगामी सत्र शुरू कर दिया जाएगा।

### डी.लिट की परीक्षा जनवरी के अंत में

लविवि में नए सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया की शुरुआत डीलिट से की जाएगी। कुलपति ने बताया कि जनवरी के अन्तिम सप्ताह तक आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने जा रहे हैं। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय ने डी.लिट का नया अध्यादेश तैयार कर दिया है। शैक्षिक सत्र में दाखिले की शुरुआत डी.लिट से होगी। उन्होंने बताया कि बीते 10 वर्षों से इसमें प्रवेश रुके थे।

### सेमेस्टर परीक्षा में सेल्फ सेंटर की सुविधा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने 28 जनवरी से प्रस्तावित सेमेस्टर परीक्षाओं में सेल्फ सेंटर की सुविधा देने का फैसला लिया है। विवि प्रशासन का दावा है कि कोरोना के समय में छात्रों को राहत देने के लिए यह कदम उठाया है। विद्यार्थियों को दूसरे केंद्रों पर न जाकर अपने कालेज में परीक्षा देनी होगी। स्नातक तीसरे, पांचवें और परास्नातक तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए 28 जनवरी की तिथि प्रस्तावित की है। अभी 18 जनवरी तक इन परीक्षाओं के फार्म भरे जाने का मौका है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि कोविड-19 काल चल रहा है। इसलिए तय हुआ है कि छात्र-छात्राओं को परीक्षा के लिए सेल्फ सेंटर की सुविधा दी जाए।

**JAGRAN CITY PAGE III**

## सेल्फ सेंटर पर होंगी यूजी-पीजी सेमेस्टर परीक्षाएं

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) आगामी स्नातक और परास्नातक सेमेस्टर परीक्षाओं में विद्यार्थियों को सेल्फ सेंटर की सुविधा देगा। इसी आधार पर विश्वविद्यालय ने तैयारी शुरू कर दी है। जल्द ही इसका परीक्षा शेड्यूल जारी करने की तैयारी है।

लविवि ने स्नातक तीसरे, पांचवें और परास्नातक तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं कराने के लिए 28 जनवरी की तिथि प्रस्तावित की है। अभी 18 जनवरी तक इन परीक्षाओं के फार्म भरे जाने का मौका है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. आनंद मुरारी सक्सेना ने बताया कि कोविड-19 के कारण तय हुआ है कि छात्र-छात्राओं को परीक्षा के लिए सेल्फ सेंटर की सुविधा दी जाए, ताकि उन्हें दौड़भाग न करनी पड़े। कालेज वाले भी अच्छी तैयारी के साथ परीक्षाएं सम्पन्न करा सकेंगे। परीक्षा कार्यक्रम तय किया जा रहा है। एक-दो दिन में इसका शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा।

**18** जनवरी तक परीक्षाओं के फार्म भरने का मौका

**28** जनवरी की तिथि परीक्षाएं कराने के लिए प्रस्तावित

### बैक पेपर आज से, तैयारी पूरी

लविवि की बैक पेपर परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. आनंद मुरारी सक्सेना ने बताया कि विश्वविद्यालय सहित तीन केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें सात हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परिसर में पहले दिन दोनों पाली में मिलाकर करीब 1210 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पहली पाली में 810 और दूसरी पाली में 400 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। ड्यूटी में लगे सभी शिक्षकों को भी निर्देश दिए जा चुके हैं। परीक्षा एमसीक्यू आधारित होगी।

**लखनऊ विश्वविद्यालय**

### न्यू कैंपस में होगी योग के नए कोर्सों की पढ़ाई

लखनऊ विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस में देश का पहला योग संकाय स्थापित किया गया है। अब यहां अगले सप्ताह से चार नए कोर्सों की पढ़ाई शुरू करने की तैयारी है। इनमें बीए योग, बीएससी योग, पीजी डिप्लोमा इन योग और एमए-एमएससी योग शामिल हैं। नए कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसी सप्ताह पढ़ाई का विस्तृत टाइम टेबल जारी किया जाएगा।

जानकीपुरम स्थित न्यू कैंपस में विधि विभाग, इंजीनियरिंग फैकल्टी संचालित है। अब योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन संकाय स्थापित किया गया है। इसमें योग और नेचुरोपैथी का विभाग हैं। संकाय के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि अभी तक योग में सर्टिफिकेट कोर्स और मानव चेतना एवं योगिक विज्ञान की पढ़ाई हो रही थी। लेकिन, कोई फैकल्टी नहीं थी। अब योग की पहली फैकल्टी स्थापित की गई है। जिसमें चार कोर्सों को शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

#### जल्द मिलेंगे नए शिक्षक

सेल्फ फाइनेंस मोड पर चलने वाले योग के चार नए कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया खत्म होने वाली है। प्रवेश प्रक्रिया देर से शुरू होने की वजह से सभी सीटें नहीं भर पाई हैं।



कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि न्यू कैंपस में ही इसके लिए बिल्डिंग तैयार है। इसमें लेक्चर हाल बन रहा है। जल्द कार्य पूरा हो जाएगा। कोर्स के लिए नए शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया भी चल रही है। अगले सप्ताह से कक्षाएं शुरू करने की तैयारी है।



### लखनऊ यूनिवर्सिटी यलो की टीम जीती

**लखनऊ :** लखनऊ यूनिवर्सिटी यलो टीम ने वैष्णवी फाइव-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन लखनऊ यूनिवर्सिटी रेड टीम को 4-2 से मात दी। यूनिवर्सिटी यलो टीम की ओर से पहला गोलयीशु नाग ने तीसरे, दूसरा गोल इशू नाग ने पांचवें और तीसरा गोल सातवें मिनट में सुनार ने किया। लखनऊ यूनिवर्सिटी रेड से तारिक अंसारी ने 25वें व आशू ने 28वें मिनट में गोल दागे। दूसरे मैच में लखनऊ यूनिवर्सिटी ग्रीन ने लखनऊ यूनिवर्सिटी ब्लू को मात दी। यूनिवर्सिटी ग्रीन से शुभम ने दसवें और अमित ने 17वें मिनट में गोल किया। लखनऊ यूनिवर्सिटी ब्लू से प्रभात सिंह ने 38वें मिनट में गोल किया।

**VOICE OF LUCKNOW PAGE 3**

## परीक्षार्थियों को सुबह 8.30 बजे से मिलेगा प्रवेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि में 15 जनवरी से विभिन्न अंतिम स्नातक वर्ष के कक्षाओं के बैक पपेर परीक्षाओं की तैयारियां लगभग पूरी हो गयी है। इसके लिए लविवि प्रशासन ने तीन केंद्र बनाये हैं। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय,

- बैकपेपर परीक्षा आज से
- लविवि सहित तीन केंद्रों पर सात हजार छात्र देंगे परीक्षा

केकेसी और कालीचरण पीजी कालेज में आयोजित होगी। इसमें करीब सात हजार छात्र परीक्षा देंगे।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि कोविड की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। उन्होंनि बताया कि इतनी संख्या में छात्र-छात्राएं विवि में परीक्षा दे सकते थे लेकिन जारी संक्रमण को देखते हुए यह परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय के प्राक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने दिशा निर्देश जारी किये हैं। जारी निर्देश के अनुसार विवि



परिसर में परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश-पत्र देखकर सुबह 8.30 बजे से द्वार संख्या एक, दो, चार और पांच से अंदर आने की अनुमति दी जायेगी। परीक्षा ड्यूटी में नियोजित शिक्षक व कर्मचारी द्वार संख्या दो व चार पर अपने वाहन रखने के बाद पूर्व की भांति परीक्षा परिसर में आना होगा। परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा से संबन्धित कोई पाठ्य सामग्री मोबाइल फोन या बैग आदि नहीं लायेंगे। निरीक्षण के समय ऐसी सामग्री पाये जाने पर उसे मुख्य द्वार के बाहर रखवा दिया जायेगा, जिसकी सुरक्षा की कोई जिम्मेदारी विवि प्रशासन की नहीं होगी। यदि यह सामग्री परीक्षा कक्ष में पायी जायेगी तो अनुचित साधन प्रयोग के तहत उनकी परीक्षा निरस्त की जा सकती है। इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त परीक्षार्थियो, शिक्षकों और कर्मचारियों को कोविड-19 के नियमों का अनुपालन करना होगा। परीक्षार्थी अपने निर्धारित स्थल पर बैठकर ही परीक्षा देंगे। निर्धारित स्थल के अतिरिक्त अन्य जगह पर बैठकर परीक्षा देने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। परीक्षा अवधि में अनाधिकृत रूप से परिसर में प्रवेश करने वाले के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि परीक्षा के दौरान वे भी परिसर के बाहर ही रहे। साथ ही परीक्षा अवधि में आग्नेयास्त्रो (वैधानिक व अवैधानिक) का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।